प्रेस विज्ञप्ति

गो.ब. पन्त कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, पन्तनगर, जिला–ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

स्वच्छता हेतु श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन

पन्तनगर। 1 अक्टूबर 2023। सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना, सामुदायिक विज्ञान ईकाई के स्वयं सेवकों द्वारा स्वच्छता हेतु एक स्वैच्छिक श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय परिसर में प्रातः 10:00 बजे से किया गया। उक्त कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय महात्मा गांधी जी को उनके जन्म दिवस 2 अक्टूबर पर सच्ची श्रद्धांजलि देने हेतु किया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत सामुदायिक विज्ञान के द्वितीय एवं तृतीय वर्ष के छात्र–छात्राओं द्वारा महाविद्यालय की पार्किंग एवं सड़कों एवं मुख्य गेट की सफाई में बढ़–चढ़कर योगदान दिया गया। कार्यक्रम महाविद्यालय में 1 घंटे की अवधि में संपादित किया गया। इस अवसर पर लगभग 50 छात्र–छात्राओं के साथ राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी डा. सोनू रानी एवं डा. नीतू डोभाल, कार्यवाहक विभागाध्यक्ष, खाद्य एवं पोषण विभाग ने प्रतिभाग किया।

1 एवं 2: महाविद्यालय में साफ–सफाई करते छात्र–छात्राएं।